
RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



कुछ चीजों के लिए ना कहना जरूरी, चित्रांगदा सिंह ने मना करने की अहमियत पर दिया जोर

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 348 | MONDAY DATE 05-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## असम के मुख्यमंत्री पर इमरान मसूद का वार, सीमा सुरक्षित नहीं रख सकते तो इस्तीफा दो



**सहारनपुर, यूटर्न/ 04 जनवरी।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने दावा किया है कि असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी महाविजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी हैं। कांग्रेस सांसद का यह बयान उस वक्त आया है जब उन्हें असम में स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया है। सहारनपुर में आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुझ पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। कोशिश करूंगा कि मैं खरा उतर सकूं। कांग्रेस संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा को एक और बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें असम स्क्रीनिंग कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा दावा कर रही है कि राहुल गांधी से कांग्रेस का भरोसा उठ गया है। जब इस पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। हमारे नेता राहुल गांधी हैं। घुसपैठ पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के बयान पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि घुसपैठिए कहां से आ रहे हैं?

## त्रिशूर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में भीषण आग: 200 से अधिक दोपहिया वाहन जलकर राख

» **त्रिशूर, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

केरल के त्रिशूर रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें प्लेटफॉर्म नंबर 2 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में पार्किंग में खड़े 200 से अधिक दोपहिया वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। सुबह करीब 6:45 बजे लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे स्टेशन परिसर और आसपास के इलाकों में अफरा-



तफरी और दहशत का माहौल बन गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, आग पार्किंग के एक हिस्से से शुरू हुई और वाहनों में ईंधन मौजूद होने के कारण लपटें तेजी से फैलती गईं। आमतौर पर इस पार्किंग क्षेत्र में 500 से अधिक मोटरसाइकिलें और स्कूटर खड़े रहते हैं। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कुछ ही मिनटों में करोड़ों रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई। सूचना मिलते ही दमकल और बचाव दल की गाड़ियां मौके पर पहुँचीं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक भारी नुकसान हो चुका था। आग बुझने के काफी देर बाद तक इलाके में घना धुआं छाया रहा, जिससे यात्रियों को सांस लेने में कठिनाई हुई। इस हादसे का सबसे दुखद पहलू उन यात्रियों के लिए रहा जो रोजाना ट्रेन से सफर करते हैं और अपने वाहन स्टेशन पर पार्क करके जाते हैं।

## संक्षिप्त ताजा खबरें

### गुजरात के गांधीनगर में दूषित जल पीने से 131 लोग बीमार

**गांधीनगर, यूटर्न/ 04 जनवरी।** गुजरात की राजधानी गांधीनगर में दूषित जल पीने से 131 लोग बीमार हो गए हैं। इनमें से 109 बच्चे हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर के भागीरथपुरा में अभी तक 16 लोगों की मौत दूषित जल के कारण हो चुकी है। अब दूसरी बड़ी घटना गुजरात की राजधानी गांधीनगर में देखने को मिली है। गांधीनगर के सेक्टर 24-28 और आदिवाडा इलाकों के 131 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए गए हैं। दूषित पेयजल के कारण यह बीमार हुए हैं। इन लोगों के ब्लड जाँच में टाइफाइड होने की संभावना व्यक्त की गई है। राज्य शासन द्वारा 22 डॉक्टरों की एक टीम लगाई गई है। गांधीनगर सिविल अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर मीता पारेख का कहना है। आमतौर पर ऐसे मामले दिसंबर महीने में नहीं आते हैं।

### त्रिपुरा में सुरक्षा बलों ने 108 करोड़ रुपए के गांजे के पौधे किए नष्ट

**अगरतला, यूटर्न/ 04 जनवरी।** त्रिपुरा में सुरक्षा बलों ने रविवार को दो अलग-अलग ऑपरेशन में, सेपाहिजाला जिले में लगभग 108 करोड़ रुपए के 23 लाख से ज्यादा गांजे के पौधे नष्ट कर दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि त्रिपुरा पुलिस, त्रिपुरा स्टेट राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, वन विभाग और उत्पाद शुल्क विभाग के जवानों ने दो अलग-अलग ऑपरेशन में सेपाहिजाला जिले में 414 एकड़ पहाड़ी जमीन पर फैले 23 लाख से ज्यादा गांजे के पौधे नष्ट किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान में, पिछले तीन दिनों में सेपाहिजाला जिले के आनंदपुर और घाटिगढ़ जंगल क्षेत्रों में गांजे के पौधों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसी अवधि के दौरान, दक्षिण त्रिपुरा और खोवाई सहित अन्य जिलों में भी कई लाख गांजे के पौधे नष्ट किए गए। 27 दिसंबर को, उनाकोटी जिले के तहत, त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों ने माछमारा चाय बागान के पास कुली बस्ती जंगल क्षेत्र में एक विशेष ऑपरेशन किया।

### 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत में होने वाले

# 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी में पूरी मजबूती से जुटा भारत : मोदी

**वाराणसी , यूटर्न/ 04 जनवरी।**

2014 में सत्ता में आने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में खेलों को बढ़ावा देने में लगातार जुटे है। वे सभी खेलों के खिलाड़ी से हमेशा ही निजी तौर पर पीएमओ अपने आवास बुलाकर विजेता टीम के खिलाड़ी या फिर नहीं जीत सके खिलाड़ियों से भी मुलाकात करते है। इस कड़ी में एक बड़ा कदम उठाते हुए पीएम मोदी ने कहा है कि भारत पूरी मजबूती के साथ 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। वाराणसी में शुरू हुई 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह से ऑनलाइन जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी ने खेलों के क्षेत्र में बीते साढ़े 11 वर्षों में हुए बड़े बदलावों को बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में भारत ने 20 से अधिक बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी की है। इसमें फीफा अंडर-17 विश्व कप, हॉकी विश्व कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेल



भी भारत में आयोजित किए जाएंगे, जो देश की खेल क्षमता और बुनियादी ढांचे की मजबूती को दिखाते है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत में होने वाले हैं और भारत पूरी मजबूती से 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की भी तैयारी में जुटा है। इसके पीछे हमारा प्रयास है कि देश के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को खेलने के अधिक से अधिक मौके मिलें। उन्होंने दिया कि बड़े आयोजनों से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलता है, जो उनके प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है। देश का हर क्षेत्र और विकास की हर परिभाषा इससे जुड़ रही है और खेल भी इसका अहम हिस्सा हैं।

उन्होंने बताया कि खेलों के क्षेत्र में सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम और ह्यखेलो भारत नीति 2025ह्न का जिक्र करते हुए कहा कि इन सुधारों से सही प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इससे खेल संगठनों में पारदर्शिता बढ़ेगी और युवाओं को खेल व शिक्षा दोनों में एक साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा, एक ओर हम मजबूत बुनियादी ढांचा और वित्त पोषण का तंत्र तैयार कर रहे हैं, वहीं युवाओं को बेहतर अनुभव देने पर भी लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय था जब खेलों को लेकर सरकार और समाज दोनों में उदासीनता थी और बहुत कम युवा खेल को करियर के रूप में अपनाते थे।



## ली मेरिडियन होटल की बारहवीं मंजिल से कूदकर शख्स ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके में स्थित पांच सितारा होटल ली मेरिडियन में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। लाजपत नगर निवासी 50 वर्षीय परविंदर सिंह ने होटल के अंदर से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परविंदर सिंह क्रिसमस के दौरान इसी होटल में ठहरे थे। रविवार दोपहर फिर होटल के अंदर दाखिल हुए। रिसेप्शन पर बिना किसी पूछताछ के वह सीधे लिफ्ट की ओर बढ़े और 12वीं मंजिल पर पहुंचकर छलांग लगा दी। होटल स्टाफ और अन्य मेहमानों ने शोर मचाया, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और सबूत जुटाने का काम शुरू कर दिया।

### ट्रेंडिंग न्यूज

## बिहार में घर में सो रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला, हालत नाजुक

ट्रेंडिंग न्यूज

**पटना, यूटर्न/ 04 जनवरी।** मधुबनी जिले के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र के गीदरगंज गांव में शनिवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर 20 वर्षीय मोहम्मद पैगाम उर्फ पिच्चा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पैगाम अपने घर के एक कमरे में सो रहा था, जिसका दरवाजा नहीं था।

## इंदौर के मालवा मिल के पास बेकरी गली के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर, पानी में लाल कीड़े और छोटे जानवरों के टुकड़े भी आते

**इंदौर, यूटर्न/ 04 जनवरी।** मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी के कारण कई लोगों की जान गई है। इसके बावजूद इंदौर के मालवा मिल के पास बेकरी गली के लोग नलों से आने वाले काले और कीड़े वाले पानी का इस्तेमाल करने को आज भी मजबूर हैं। लोकल लोगों का कहना है कि दूषित पानी फिल्टर करने और उबालने के बाद भी पीने लायक नहीं रहता, इससे अक्सर लोग बीमार पड़ते हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिला प्रशासनर के अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि रोजाना सुबह पानी गंदा आता है। थोड़ी देर बाद पानी थोड़ा साफ हो जाता है, लेकिन पूरी तरह साफ नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब हम इस दूषित पानी को पीते हैं, फिर बीमार पड़ जाते हैं। बच्चों को उल्टी और दस्त सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं। महिला ने बताया कि पानी बहुत गंदा आता है। पानी की लाइन चालू होने के बावजूद गंदा पानी ही आता है।



## देवभूमि की डेमोग्राफी और संस्कृति से कोई समझौता नहीं : सीएम धामी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को दिल्ली शब्दोत्सव 2026 में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देवभूमि की डेमोग्राफी और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। पिछली सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण दूर-दराज और पहाड़ी इलाकों में लैंड जिहाद किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद एक सुनियोजित षड्यंत्र है, इसके तहत नीली, पीली और हरी चादर चढ़ाकर सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया। हमने इसके खिलाफ नियमों के अनुसार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। हमने पहले ही लोगों को चेतावनी दी। कुछ लोगों ने अतिक्रमण छोड़ा, लेकिन कुछ जगहों पर प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटवाया गया।

## 56 इंच का है तो पाकिस्तान में छिपे 26/11 के मास्टर माइंड को उठा लाना चाहिए : ओवैसी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने और उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका ले जाए जाने की घटना ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के साथ-साथ भारत के घरेलू राजनीतिक गलियारों में भी हलचल पैदा कर दी है। इस वैश्विक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। मुंबई में आयोजित एक जनसभा के दौरान ओवैसी ने अमेरिकी कार्रवाई का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री को सीधे तौर पर चुनौती दी।



# गिग वर्कर्स की आवाज सुनी गईः राघव चड्ढा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार के ड्राफ्ट सोशल सिक्योरिटी नियमों का स्वागत किया है, जिसे 30 दिसंबर, 2025 को सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 के तहत नोटिफाई किया गया था। राज्यसभा सांसद ने इसे लाखों गिग वर्कर्स और डिलीवरी पार्टनर्स की पहचान, सुरक्षा और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राघव चड्ढा ने वर्कर्स को बधाई देते हुए कहा, सभी गिग वर्कर्स और डिलीवरी पार्टनर्स को बधाई। आप सबके लिए गुड न्यूज है। केंद्र सरकार के ड्राफ्ट सोशल सिक्योरिटी रूल आपके काम की पहचान, सुरक्षा और सम्मान की दिशा में पहला कदम हैं। उन्होंने आगे कहा, आपकी आवाज भले ही इन कंपनियों (जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट आदि) ने न सुनी हो, लेकिन देश की जनता और सरकार ने जरूर सुनी। यह आपकी एक छोटी जीत है, लेकिन एक महत्वपूर्ण जीत है।

एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए एक



विस्तृत वीडियो संदेश में उन्होंने सामूहिक प्रयास पर जोर देते हुए कहा, यह विकास सिर्फ इसलिए नहीं हुआ कि मैंने, एक सांसद के तौर पर, संसद में आपकी चिंताओं को उठाया, यह इसलिए हुआ क्योंकि आप सभी ने साहस के साथ अपनी आवाज उठाई। प्लेटफॉर्म और कंपनियों ने शायद नहीं सुना होगा, लेकिन सरकार और इस देश के लोगों ने जरूर सुना। यह हमारी सराहना का हकदार है। नियमों को आसान शब्दों में समझाते हुए, उन्होंने इसके मुख्य लाभ बताए, पहला, चाहे आप गिग वर्कर के तौर पर पार्ट-टाइम या फुल-टाइम काम करते हों, अब आपको एक वर्कर के तौर पर औपचारिक पहचान मिलेगी। दूसरा, अगर आप एक साल में कम से कम 90 दिनों के लिए एक प्लेटफॉर्म के साथ काम करते हैं, या कई प्लेटफॉर्म पर कुल मिलाकर 120 दिनों के लिए काम करते हैं, तो आप सोशल सिक्योरिटी लाभों के लिए योग्य हो जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा, एक सरकारी पोर्टल पर अनिवार्य रजिस्ट्रेशन होगा। इससे आपको एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर और एक डिजिटल आईडी कार्ड मिलेगा, आपके काम की आधिकारिक सरकारी पहचान। अब कोई भी कंपनी आपकी पहचान मिटाने या आपको गलत तरीके से ब्लॉक करने के लिए गुप्त एल्गोरिदम के पीछे नहीं छिप सकती। कंपनियों को अब कानूनी तौर पर अपने सभी वर्कर्स को रजिस्टर करना होगा, सरकार के साथ सटीक डेटा साझा करना होगा, और हर तीन महीने में इसे अपडेट करना होगा। अब ह्नहम सिर्फ एक प्लेटफॉर्म हैंह्व जैसे बहाने नहीं चलेंगे, वे अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते। फंडिंग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि एक डेडिकेटेड सोशल सिक्योरिटी फंड बनाया जा रहा है, जिसमें प्लेटफॉर्म अपनी इनकम का कुछ प्रतिशत योगदान देंगे। यह चैरिटी नहीं है; यह आपका सही रिटायरमेंट और सिक्योरिटी बेनिफिट है। एक सोशल सिक्योरिटी बोर्ड चुनौतियों का अध्ययन करेगा और योजनाएं बनाएगा। ये बदलाव एक्सीडेंट इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ कवरेज, मैटरनिटी बेनिफिट्स, बुढ़ापा पेंशन और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी जैसी सुरक्षाओं के दरवाजे खोलते हैं।

गिग वर्कर्स को ह्नभारत की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले अदृश्य पहियेह्व बताते हुए चड्ढा ने कहा कि मैं इंडस्ट्री और स्टार्टअप्स के पक्ष में हूं, लेकिन मैं कभी भी शोषण के पक्ष में नहीं रहूंगा। सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं है। सम्मान कोई एहसान नहीं है। सोशल सिक्योरिटी कोई चैरिटी नहीं है। यह ड्राफ्ट हाल की हड़तालों और वर्कर्स की मुश्किलों पर चड्ढा की संसदीय वकालत के बाद आया है। मंत्रालय 1 अप्रैल, 2026 से पूरी तरह लागू होने से पहले 30-45 दिनों के लिए फीडबैक चाहता है, जिसका लक्ष्य हजारों वर्कर्स को कवर करना है।

## फटाफट खबरें

### युवक को चाकू मारने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 04 जनवरी।** परमानंद विहार कॉलोनी में झगड़े के बाद युवक पर चाकू से हमला करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि परमानंद विहार कॉलोनी में रहने वाले सप्पन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई तपन की 31 दिसंबर की रात किसी बात को लेकर राहुल गार्डन निवासी शिवम और समीर से कहासुनी हो गई थी। आस पास के लोगों ने दोनों को समझा बुझाकर वहां से भेज दिया। कहासुनी को लेकर शिवम पक्ष के लोग रंजीश रखने लगे। इसके बाद शिवम अपने चार साथियों नवीन, गगन, विशाल उर्फ काना और मनीष के साथ मिलकर भाई तपन के साथ मारपीट की। जब भाई ने भागने का प्रयास किया तो विशाल, गगन और मनीष ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान शिवम और नवीन ने भाई की कमर पर चाकू से वार किया और लहूलुहान कर भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की शिकायत पुलिस से की। एसीपी ने बताया कि पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कोर्ट के आदेश से जेल भेज दिया गया है।

### पुराने विवाद के चलते दोस्त को घर से बुलाकर पीटा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी अशोक कुमार ने अपने तीन दोस्त दिव्यांश, विनीत और अरमान पर मारपीट का आरोप लगाया है। घर से बुलाकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में अशोक कुमार ने बताया कि 30 दिसंबर की रात करीब 12 बजे दिव्यांश ने उन्हें फोन किया। मिलने की बात कहकर भोपुरा बांस मंडी के पास बुलाया। जब वह वहां पहुंचे तब दिव्यांश के साथ-साथ विनीत और अरमान भी मौजूद मिले। आरोप है कि कुछ समय पहले हुए आपसी विवाद की बात करते हुए तीनों ने उन पर हमला कर दिया। उनके चेहरे व सिर पर कड़ा और पंच मारने शुरू कर दिए। शोर मचाने पर लोगों को एकत्र होते देख आरोपी लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से भाग गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें जीटीबी अस्पताल भिजवाया। यहां उनका इलाज चल रहा है। हालत में सुधार होने पर उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर मारपीट हुई वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दो आरोपी डीएलएफ कॉलोनी के रहने वाले हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली सरकार का ऐलान, जरूरतमंदों को 15 महीने तक मिलेगी मुफ्त चीनी

▫ **दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नए साल पर गरीब परिवारों को बड़ी राहत दी है। अंत्योदय अन्न योजना के तहत 65,883 परिवारों को जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक हर महीने एक किलो ब्रांडेड पैकेट में मुफ्त चीनी मिलेगी।**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

नए साल की शुरूआत में दिल्ली सरकार ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए एक खुशखबरी दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। अब दिल्ली के सबसे गरीब परिवारों को लंबे समय तक मुफ्त चीनी मिलेगी। यह तोहफा उन लोगों के लिए है जो रोजमर्रा की जिंदगी में छोटी-छोटी चीजों के लिए भी संघर्ष करते हैं।

### कैबिनेट का अहम फैसला

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैबिनेट बैठक में अंत्योदय अन्न योजना (आय) के सभी कार्डधारकों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को



मंजूरी दी। इस योजना के तहत जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक कुल 15 महीनों के लिए हर महीने एक किलो चीनी मुफ्त दी जाएगी। दिल्ली में कुल 65,883 परिवार इस योजना से जुड़े हैं। हर परिवार को राशन कार्ड के आधार पर यह चीनी मिलेगी। यह फैसला इसलिए खास है क्योंकि अब चीनी ब्रांडेड और पैक्ड पैकेट में दी जाएगी।

पहले खुली चीनी दी जाती थी, जिसमें धूल, नमी या मिलावट की शिकायतें आती थीं। अब पैकेट वाली चीनी से सफाई और सही वजन की गारंटी होगी।

### गरीबों की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों का कल्याण सबसे ऊपर रखती है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन से जुड़ा है, जिसमें गरीबों को सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है। सरकार का मानना है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बुनियादी चीजों से वंचित न रहे। इसी सोच से अटल कैंटीन जैसी योजनाएं चल रही हैं, जहां सस्ता भोजन मिलता है। अब मुफ्त चीनी से गरीब परिवारों के घर में थोड़ी मिठास आएगी।

### वितरण की व्यवस्था

चीनी का वितरण राशन की दुकानों से ही होगा। नया टेंडर पूरा होने तक पुरानी व्यवस्था जारी रहेगी, ताकि किसी को परेशानी न हो। जैसे ही ब्रांडेड पैकेट की सप्लाई शुरू होगी, लाभार्थियों को अच्छी क्वालिटी की चीनी मिलने लगेगी। सरकार ने साफ कहा है कि इस योजना से कोई रुकावट नहीं आएगी।

### लाभार्थियों की खुशी

इस फैसले से दिल्ली के हजारों गरीब परिवारों को राहत मिलेगी। एक किलो चीनी हर महीने मुफ्त मिलने से परिवार का छोटा-मोटा खर्च बचेगा। खासकर उन लोगों के लिए जो रोज कमाते और खाते हैं। यह नया साल का तोहफा वाकई उनके लिए मीठा उपहार है।

## दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने 10.970 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता की चरस बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई दिल्ली को 2027 तक नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत की गई है। पुलिस को 1 जनवरी को थाना अमर कॉलोनी क्षेत्र में एक नशा तस्कर की लगातार आवाजाही की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें इंस्पेक्टर शुभम चौधरी, एसआई मुनेश, एसआई विनोद, एसआई राजवीर, एसआई राजेंद्र, एएसआई अनिल, हेड कांस्टेबल प्रेम, विवेक, दिनेश, प्रवेश, हेड कांस्टेबल संगीता और कांस्टेबल सतवीर, प्रदीप, चोटूराम व मोहित शामिल थे।

## सिग्नल ढूंढते हुए बालकनी में गए, और फिर हुई आईओसी के अधिकारी की गिरकर मौत

**नोएडा, यूटर्न/ 04 जनवरी।** नई दिल्ली के पास नोएडा के सेक्टर 104 में 55 साल के शख्स की 17वें फ्लोर गिरकर मौत हो गई। शख्स की पहचान अजय गर्ग के तौर पर हुई जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) में कार्यकारी निदेशक थे। वे एटीएस वन हेलमेट सोसायटी में अपनी पत्नी के साथ रहते थे। घटना शनिवार सुबह की है। जानकारी के मुताबिक वे फोन का नेटवर्क ढूंढते हुए बालकनी में गए थे और तभी वे बालकनी से गिर गए।

रिपोर्ट के मुताबिक गर्ग के फोन में फ्लैट के अंदर अचानक नेटवर्क नहीं आ रहे थे। इसलिए वह बालकनी में चले गए। सिग्नल ढूंढते ढूंढते अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और गर्ग नीचे गिर गए। सोसाइटी के लोगों ने उन्हें जमीन पर पड़ा देखा और तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। पुलिस सोसाइटी के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह पूरी तरह साफ होगी। अजय गर्ग और उनकी पत्नी मूल रूप से कानपुर के रहने वाले थे। उनका बेटा मुंबई में रहता है। दर्दनाक हादसे के बाद अजय गर्ग की पत्नी बदहवास हो गईं।

## राहुल हटाओ, प्रियंका लाओ-भाजपा नेता शहजाद पूनावाला का तंज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को असम की स्क्रीनिंग कमेटी का प्रमुख बनाए जाने पर चुटकी लेते हुए कहा कि पार्टी के अंदर बगावत शुरू है, राहुल हटाओ और प्रियंका लेकर आओ।

नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बीच चल रही कैंप वाली दुश्मनी ने इस फैसले को प्रभावित किया है।



प्रियंका कैंप ने राहुल को हटाने और प्रियंका को आगे लाने के लिए दबाव डाला, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। यह दर्शाता है कि कांग्रेस में अब राहुल गांधी के साथ जनमत नहीं बचा है। पार्टी के सहयोगी और नेता दिग्विजय सिंह और इमरान मसूद भी राहुल को हटाकर प्रियंका को आगे लाने की बात कर रहे हैं।

पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी वियतनाम में छुट्टी मना रहे हैं, जबकि प्रियंका को आगे बढ़ाया जा रहा है।

कर्नाटक गैंगरेप मामले पर पूनावाला ने राज्य सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बीच सत्ता की लड़ाई चल रही है, लेकिन उनकी प्राथमिकता सत्ता और कुर्सी है, महिलाओं की सुरक्षा नहीं।

हुबली में एक 13 साल की लड़की का गैंगरेप हुआ है और बताया जा रहा है कि आरोपियों ने इसका वीडियो भी बनाया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ महीनों में बेलगावी में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें इजरायली टूरिस्ट से रेप और सड़कों पर दिनदहाड़े छेड़छाड़ की घटनाएं शामिल हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भारत की तुलना वेनेजुएला से की जा रही है।

## दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, नेपाली नागरिक गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

दिल्ली को 2027 तक नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत दक्षिण-पूर्व जिला दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक नेपाली नागरिक को 10.970 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता की चरस के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक ड्रग सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देशों के अनुरूप और दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की सख्त निगरानी में की गई इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ा झटका माना जा रहा है। दिल्ली पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस नोट में बताया गया कि दिल्ली पुलिस दक्षिण-पूर्व जिला स्पेशल स्टाफ को 1 जनवरी को



एएसआई अनिल के माध्यम से एक पुख्ता सूचना मिली थी कि थाना अमर कॉलोनी क्षेत्र में एक नशा तस्कर की लगातार आवाजाही हो रही है, जो उच्च गुणवत्ता की चरस की सप्लाई में शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम में इंस्पेक्टर शुभम चौधरी, एसआई मुनेश, एसआई विनोद, एसआई राजवीर, एसआई राजेंद्र, एएसआई अनिल, हेड कांस्टेबल प्रेम, विवेक, दिनेश, प्रवेश, हेड कांस्टेबल संगीता और कांस्टेबल सतवीर, प्रदीप, चोटूराम व मोहित शामिल थे।

# बरवाला-अग्रोहा रोड से गौशाला तक सडक मार्ग परियोजना का किया शिलान्यास

**सतबीर वर्मा, पूर्व पार्षद रामकेश बंसल एवं पूर्व पार्षद व समाजसेवी सुंदर गोयल रहे उपस्थित**

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 04 जनवरी। कैबिनेट मंत्री ने बरवाला-अग्रोहा रोड से गौशाला तक सडक मार्ग परियोजना का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की सडक सुविधाओं में सुधार करेगी जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा होगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस सडक के बन जाने से किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को यात्रा में सुगमता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सडक निर्माण जैसे बुनियादी ढांचे के कामों से क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं और राज्य को प्रगति के रास्ते पर ले जाने में योगदान दें। कार्यक्रमों के दौरान कैबिनेट मंत्री ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का शीघ्र व प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर चेयरमैन रमेश बैटरिवाला, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, एसडीएम वेद प्रकाश बेनीवाल, वरिष्ठ समाजसेवी रामकेश बंसल,पूर्व पार्षद सुंदर गोयल ,सरपंच संजय, पार्षद औमप्रकाश मालिया,जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा,सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुरेश गोयल,मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा,विनोद बंसल,विनोद भुक्कल,वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश गिल,वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण सोनी,पार्षद ज्योति बंसल,प्राचार्य कुलभूषण आहूजा,ईश्वर सरपंच,कृष्ण वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।



# हाइवे क्रॉसिंग पर बरवाला-मतलोड़ा व्हीकलर अंडर पास के समीप सर्विस रोड का कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया लोकार्पण

**पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व पार्षद व समाजसेवी रामकेश बंसल, एवं पूर्व पार्षद समाजसेवी सुंदर गोयल रहे उपस्थित**

» हरियाणा, यूटर्न/ 04 जनवरी।

कैबिनेट मंत्री ने बरवाला के लोगों की मांग के अनुरूप हाइवे क्रॉसिंग पर बरवाला-मतलोड़ा व्हीकलर अंडर पास के समीप सर्विस रोड के निर्माण को भी आरंभ करवाया। उन्होंने कहा कि इससे बनभौरी धाम जाने वाले नागरिकों को काफी सुविधा होगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार सड़क मार्गों को बेहतर बना रही है ताकि नागरिको को सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को यातायात में होने वाली कठिनाईयों में राहत मिलेगी और बरवाला क्षेत्र को एक मजबूत सडक नेटवर्क से जोडने का प्रयास किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस हाईवे क्रॉसिंग से स्थानीय नागरिकों को समय की बचत होगी और सडक दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

इस अवसर पर चेयरमैन रमेश बैटरिवाला, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, एसडीएम वेद प्रकाश बेनीवाल, वरिष्ठ समाजसेवी रामकेश बंसल,पूर्व पार्षद सुंदर गोयल,सरपंच संजय, पार्षद औमप्रकाश मालिया,जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा,सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुरेश गोयल,मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा,विनोद बंसल,विनोद भुक्कल,वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश गिल,वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण सोनी,पार्षद ज्योति बंसल,प्राचार्य कुलभूषण आहूजा,ईश्वर सरपंच,कृष्ण वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए: उदित राज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।

कांग्रेस नेता उदित राज ने भाजपा के उस आरोप पर पलटवार किया है, जिसमें भाजपा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी से पार्टी का विश्वास उठ रहा है, इसलिए प्रियंका को जिम्मेदारी दी गई है।इस पर उदित राज ने कहा कि भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा का काम ही दूसरे के घर में झांकना, लड़ाना, मुखबिर बैठाना और दखल देना है।

यह कोई नैतिकता नहीं है। यह कांग्रेस पार्टी का अंदरूनी मामला है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया, जबकि भाजपा में बड़े-बड़े नेता हैं। भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, बड़े नेताओं को किनारे लगा दिया। कांग्रेस में ऐसा नहीं है। प्रियंका गांधी को असम स्क्रीनिंग कमेटी की जिम्मेदारी दिए जाने पर उदित राज ने कहा कि वह हमारी नेता हैं। वह असम स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन बनी हैं। उनका प्रभाव काफी व्यापक है। वह इलेक्टोरल पॉलिटिक्स में पूरी तरह आ जाएंगी-वह अभी भी हैं। वह चुनाव लड़वाएंगी और चयन करेंगी।

# कानपुर में फांसी पर झूला बैक लगने से परेशान कर्वी चित्रकूट का बीए एम एस छात्र शैलेन्द्र

## आईआईटी समेत कानपुर में पहले भी कई मेधावी छात्र कर चुके हैं आत्महत्या

» सुनील बाजपेई



कानपुर। उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान असफलता के रूप में आने वाली परेशानियां .प्रतिभावान युवाओं को भी मौत को गले लगाने के लिए मजबूर कर रही हैं। ऐसी घटना में चित्रकूट जिले के कर्वी में रहने वाले बीएएमएस के छात्र ने यहां अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

आज रविवार को पोस्टमार्टम किए जाने के बाद उसके शव को परिवार वाले रोते बिलखते घर लेकर चले गए। वह अपने पेपर में बैक लगने से बहुत परेशान था और इसी वजह से उसने दुनिया को अलविदा कह दिया। बेटे की मौत से बदहवास पिता कानपुर नहीं आए।

पुलिस द्वारा सूचित किए जाने पर शनिवार देर शाम मृतक शैलेंद्र कुमार (27) के कानपुर पहुंचे परिजन बड़े भाई लालेंद्र, जीजा उमाशंकर, मामा शंकर गुप्ता, भांजा मनी गुप्ता और लालेंद्र के तीन दोस्त सबसे पहले मंधना स्थित शैलेंद्र के कमरे पहुंचे। इसके बाद उसके कॉलेज के दोस्तों से जानकारी ली। इसबीच भाई लालेंद्र ने बताया कि 2020 से कोटा राजस्थान से नीट की तैयारी कर रहा शैलेंद्र 2019 से घर से बाहर रह रहा था। इसके बाद 2021 में उसे रामा आयुर्वेदिक इंस्टीट्यूट में दाखिला मिला था।

प्राइवेट हॉस्पिटल में जॉब करने वाले बड़े भाई ने बताया-सुसाइड से 30 मिनट पहले बहन और मेरी शैलेंद्र से बात हुई थी। बातचीत में ऐसा लगा ही नहीं कि वह सुसाइड कर लेगा।कुछ देर बाद घर में पुलिसवालों ने फांसी लगाई जाने की सूचना उसके परिवार को दी। जिसको सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और शैलेंद्र के पिता बदहवास हो गए।

**घटना की संभावित वजह के बारे में जानकारी देते हुए :** भाई ने बताया मेधावी छात्र शैलेंद्र बैक लगने के बाद वह परेशान था। वह मूल रूप से चित्रकूट कर्वी का रहने वाला था।

अवगत कराते चलें कि किसी मेधावी छात्र द्वारा आत्महत्या की यह घटना पहली नहीं है।

इसके पहले भी इस महानगर में और भी कई छात्र इसी तरह से किसी ने किसी वजह से मौत को गले लगाने को मजबूर हो चुके हैं, जिसमें आईआईटी के छात्र द्वारा भी गत दिवस आत्महत्या किए जाने का प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सांसद मनोज कुमार का दावा, आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी करेगी बेहतर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने दावा किया है कि चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी। प्रियंका गांधी को असम की स्क्रीनिंग कमेटी का प्रमुख बनाए जाने के बाद एनडीए नेताओं की प्रतिक्रिया पर कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने कहा कि प्रियंका गांधी हमारी बड़ी दीदी हैं। एनडीए नेताओं का तो काम ही विरोध करना है। उनके विरोध से हमारे ऊपर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने प्रियंका गांधी को असम स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया। मैं आशा करता हूं कि पांच राज्यों की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य बेहतर काम करेंगे। आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी बेहतर करेगी। बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर से रिलीव किए जाने पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि केकेआर शाहरुख खान की टीम है। शाहरुख खान बहुत अच्छे एक्टर हैं और उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है। बीसीसीआई का एक नियम है। अगर उस नियम के तहत केकेआर टीम में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को चुना गया था, तो वह सही था।

# बरवाला का एकमात्र एवं हरियाणा सरकार से मान्यता प्राप्त रॉयल सिटी सेक्टर-5 में भव्य मिलन समारोह का आयोजन

» हरियाणा, यूटर्न/ 04 जनवरी।



जींद रोड स्थित रॉयल सिटी सेक्टर-5 बरवाला में रविवार को एक भव्य मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा तथा हांसी विधायक विनोद भ्याना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मिलन समारोह के सफल आयोजन में सुदेश चोपड़ा, साहिल भ्याना एवं मास्टर करण सिंह ने संयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में रॉयल सिटी सेक्टर-5 की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह बरवाला की एकमात्र ऐसी कॉलोनी है, जहाँ सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, सुव्यवस्थित सीवरेज, स्वच्छ पेयजल एवं सुंदर पार्क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह कॉलोनी एक अप्रूव्ड सेक्टर है तथा हरियाणा सरकार की दीन दयाल योजना के अंतर्गत आती है। कार्यक्रम संयोजकों ने आमजन से अपील की कि वे इस कॉलोनी का अवश्य भ्रमण करें और यहाँ की उत्कृष्ट सुविधाओं का अवलोकन करें। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों के लिए भोजन एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था भी की गई थी।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और आयोजकों द्वारा अतिथियों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर बरवाला नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला,पार्षद ज्योति बंसल, राजू नारंग, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बरवाला सुरेश गोयल,पार्षद राजा महता, जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा,ऋषि मिढ़ा,मनुज सरदाना,कश्मीरी लाल,रामनिवास वर्मा, डॉ वेद मेहता,सोनू चोपड़ा,पूर्व पार्षद विक्की रहेजा,भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा,पार्षद सतबीर,पार्षद संजय,मंगत बुरा,तरसेम पूनिया,एडवोकेट सचिन मेहता,वरिष्ठ समाजसेवी कुणाल चुग, पार्षद राधेश्याम सहित अनेकों गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने ह्यमनरेगा बचाओ संग्राम के लिए समिति का किया गठन , अजय माकन संभालेंगे कमान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।



कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) आंदोलन को गति देने के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया है। समिति के नेतृत्व की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता अजय माकन को सौंपी गई है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए 9 सदस्यीय कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन किया है। अजय माकन को समिति का संयोजक बनाया गया है। यह समिति मनरेगा बचाओ संग्राम की देखरेख, मार्गदर्शन और निगरानी का काम करेगी। यह समिति तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करेगी।

समिति में अजय माकन के अलावा जयराम रमेश, संदीप दीक्षित, डॉ. उदित राज, प्रियांक खड़गे, डी. अनसूया सीताक्का, दीपिका पांडे सिंह, डॉ. सुनील पंवार और मनीष शर्मा को शामिल किया गया है।

केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सभी फ्रंटल संगठनों के प्रमुख, एआईसीसी ओबीसी, एससी, अल्पसंख्यक, आदिवासी कांग्रेस विभागों और किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भी समन्वय समिति के सदस्य होंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा के अधिकार आधारित स्वरूप की रक्षा के लिए देशभर में बड़े जनआंदोलन की घोषणा की है। वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) को पत्र लिखकर मनरेगा बचाओ संग्राम के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ की जानकारी दी है।

यह आंदोलन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नए विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के खिलाफ शुरू किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस ने ग्रामीण रोजगार और आजीविका पर सीधा हमला बताया है।

उन्होंने पत्र के जरिए कहा कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया मनरेगा एक अधिकार-आधारित कानून है। यह कानून ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का कानूनी अधिकार देता है। इसके तहत राज्य सरकारों को 15 दिनों के भीतर काम देना अनिवार्य है, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देना पड़ता है। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की सबसे बड़ी पहचान है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फ्री में गैस सिलिंडर मिलने का झांसा देकर महिला से गहने उतरवाए

**लोनी, यूटर्न/ 04 जनवरी।** फ्री में गैस सिलिंडर मिलने का झांसा देकर साथ ले गया स्कूटी सवार ठग ने शकलपुर गांव में रहने वाली वीरवती से करीब 2.50 लाख रुपये के गहने लिए और भाग गया। महिला ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। पुलिस को दी तहरीर में वीरवती ने बताया कि शुक्रवार दोपहर स्कूटी सवार युवक उनके पास पहुंचा। उसने चिरोड़ी गांव में फ्री में गैस सिलिंडर मिलने की बात बताई। उनके बेटे हरेंद्र ने उन्हें चिरोडी गांव में बुलाया। युवक की बातों में आकर महिला स्कूटी पर बैठ गई। आरोप है कि गांव से बाहर निकलने पर युवक ने स्कूटी रोक कर महिला से गले में पहनी सोने की चेन और कान के कुंडल उतरवा कर अपने पास रख लिए। आभूषण लेने के बाद युवक महिला को चिरोडी रोड पर खड़ा कर भाग गया। कुछ देर इंतजार करने के बाद महिला घर पर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजनों ने आस पास के लोगों की सहायता से युवक का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन तब तक वह भाग चुका था। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में स्कूटी को ट्रेस किया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किशोर पर गोली चलाने के आरोपी की जमानत खारिज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** लोनी क्षेत्र निवासी किशोर सावेज को गोली मार कर हत्या करने के प्रयास के आरोपी जावली निवासी अनूप की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। जनपद न्यायाधीश विनोद सिंह रावत ने निर्णय में कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति का है और आरोपी को जमानत देना उचित नहीं है। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार टीला मोड़ थाना क्षेत्र की नूरजहां ने 10 सितंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि वह अपने पोते सावेज (17) वर्ष के साथ फर्रुखनगर टीला मोड़ में राजकुमार सैनी के मकान में किराये पर रहती हैं। उनका बेटा राशिद अपनी दूसरी पत्नी के साथ मुरादनगर में रहता है, जबकि दूसरा बेटा साजिद अली फर्रुखनगर की तिरंगा कॉलोनी में रहता है। नूरजहां ने बताया कि पांच सितंबर को उनका पोता सावेज अपने छोटे चचेरे भाई साद (7) के साथ किसी काम से सेवाधाम गया था। शाम को उन्हें सूचना मिली कि सावेज को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गंभीर चोट पहुंचाई है। पुलिस ने घायल किशोर को तुरंत जीटीबी अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया।

# सड़कों के किनारे लगेंगे क्यूआर कोड वाले साइनबोर्ड, पीडब्ल्यूडी ने नए दिशा निर्देश जारी किए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**




राजधानी की सड़कों पर लगने वाले साइन बोर्ड की स्थिति अब बदलने वाली है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसके लिए नए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसमें सभी नए रोड साइन बोर्डों में क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है इससे बोर्डों की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित होगी। हर रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड के नीचे दाएं कोने में क्यूआर कोड लगा होगा। इसे स्कैन करने पर निमार्ता कंपनी का नाम, निर्माण की तारीख, इस्तेमाल की गई रिफ्लेक्टिव शीटिंग का कोड और वारंटी समेत कई जानकारियां मिल जाएंगी। अगर कोई खराबी आई तो कंपनी मुफ्त में बोर्ड बदलेगी।

अब सभी नए टेंडरों में इन मानकों को शामिल करना अनिवार्य होगा। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव है कि रिफ्लेक्टिव शीटिंग की वारंटी अब 10 साल की होगी। इसका मतलब है कि साइन बोर्ड लगने के 10 साल तक अगर चमक कम होती है या कोई खराबी आती है, तो ठेकेदार या निमार्ता को मुफ्त में बदलना पड़ेगा। विभाग ने गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया है। रिफ्लेक्टिव शीट अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप होगी। डिजिटल प्रिंटिंग के बाद भी रंगों की चमक कम से कम 70 फीसदी बनी रहनी चाहिए। सबसे खास बात यह है कि 10 साल की वारंटी अवधि में हर तिमाही रिफ्लेक्टोमीटर से चमक की जांच होगी।

अगर चमक कम हुई तो ठेकेदार को तुरंत बदलाव करना पड़ेगा। इसके लिए ठेकेदारों पर सख्ती भी बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि साल 2024 में सड़क परिवहन मंत्रालय के ऑडिट में पता चला था कि राजधानी में अलग-अलग एजेंसियों की वजह से साइन बोर्डों का आकार, रंग और डिजाइन एकसमान नहीं था। इससे ड्राइवरों को परेशानी होती थी और सुरक्षा जोखिम बढ़ता था। अब पीडब्ल्यूडी ने सभी टेंडरों में क्यूआर कोड की शर्त शामिल करना अनिवार्य कर दिया है।

### खराबी पर की जा सकेगी शिकायत

अधिकारियों ने बताया कि अब इन क्यूआर कोड को पीडब्ल्यूडी सेवा मोबाइल ऐप से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। पहले चरण में सिर्फ जानकारी मिलेगी। आने वाले दिनों में लोग इन कोड को स्कैन करके सड़क, गड्ढे, स्ट्रीट लाइट या साइन बोर्ड से जुड़ी शिकायतें सीधे दर्ज कर सकेंगे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा और त्वरित सहायता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हर 500 मीटर पर हेल्पलाइन साइनबोर्ड लगाए जा रहे हैं। सभी प्रमुख सड़क जोन में स्ट्रीट हेल्पलाइन साइनबोर्ड अनिवार्य किए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को तुरंत सहायता मिल सके।

# कमीशन के विवाद में किसान की गोली मारकर हत्या, थाने में किया आत्मसमर्पण

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**



नरेला के घोघा गांव में शनिवार रात कमीशन को लेकर विवाद में एक आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर एक किसान को घर से बुलाकर उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी साथी के साथ नरेला थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी दिनेश के निशानदेही पर मृतक धर्मपाल के शव को कब्जे में कर लिया। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी दिनेश और उसके साथी भूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से रिवाल्वर को कब्जे में ले लिया। शुरूआती जांच में पता चला कि संपत्ति बेचने के कमीशन को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि घोघा निवासी दिनेश कुमार और भूप सिंह शुक्रवार देर रात नरेला थाना पहुंचा। दिनेश कुमार ने बताया कि उसने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से घोघा निवासी 55 साल के धर्मपाल की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से रिवाल्वर भी ले ली।

पुलिस ने दिनेश कुमार की निशानदेही पर धर्मपाल का शव घोघा गांव में दिनेश के ट्यूबवेल के पास से बरामद किया। धर्मपाल की गर्दन और नाक से खून बह रहा था। कुछ समय बाद मौके पर धर्मपाल के बेटे प्रदीप मौके पर पहुंच कर पिता के शव की पहचान की। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर बुलाया।

टीम ने मौके का मुआयना करने के बाद वहां से साक्ष्य हासिल कि। पुलिस ने धर्मपाल के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। जांच के दौरान प्रदीप ने ही पुलिस को बताया कि एक प्रॉपर्टी बेचने को लेकर उसके पिता को आरोपियों से कमीशन लेना था। वह लगातार आरोपियों से पैसा से मांग कर रहे थे। इस बात को लेकर उनके पिता और दिनेश के बीच विवाद चल रहा था। जिसको लेकर उनके पिता की हत्या कर दी गई।

घर से बुलाकर वारदात को दिया अंजाम : मृतक धर्मपाल की बेटी ने बताया कि रविवार की शाम करीब सात बजे गली में रहने वाले भूप सिंह उसके पिता को बुलाकर ले गए थे। उस समय वह मंडी से पैसे लेकर आए थे। पैसे उनके पास ही थे। देर रात परिवार वालों को उसकी हत्या की जानकारी मिली।

### हत्या के विरोध में सड़क जाम, हंगामा

हत्या के विरोध में पीड़ित परिवार व घोगा निवासियों ने नरेला-बवाना रोड स्थित घोगा मोड़ को जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस और आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की। पीड़ित परिवार ने इंसाफ और आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की।

## संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रवाना हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। दोनों देशों के रक्षा संबंध सशक्त करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। थलसेना प्रमुख का यह दौरा दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को व्यापक बनाने पर केंद्रित है। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे, जिसके माध्यम से सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की संभावना है। भारतीय सेना के मुताबिक जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को यूएई के लिए रवाना हो गए हैं। जनरल द्विवेदी 5 व 6 जनवरी को यूएई के सैन्य नेतृत्व समेत विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि भारत और यूएई के बीच बीते कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में लगातार सहयोग बढ़ रहा है।

# फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सामने पेश होंगे कॉलेज प्रशासन के अधिकारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**




धर्मशाला कॉलेज प्रशासन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों को यूजीसी की पांच सदस्यीय जांच समिति के समक्ष पेश होना होगा। यह समिति कॉलेज के एक छात्र की मौत की जांच कर रही है। यूजीसी के मुताबिक, कमेटी मौके पर पहुंचकर एक प्रत्यक्ष निरीक्षण करने जा रही है। इस दौरान समिति यह जांचेगी कि धर्मशाला स्थित इस कॉलेज के दस्तावेजों में दिखाई गई व्यवस्थाएं वास्तव में जमीन पर लागू हैं भी या नहीं। इसके लिए यूजीसी की यह खास कमेटी यहां शिक्षकों, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों और कॉलेज के स्टाफ से बातचीत करेगी। साथ ही संस्थान की मौजूदा संस्कृति व छात्रों के अनुभव के आधार पर संभावित चुनौतियों का भी आकलन किया जाएगा। बता दें कि धर्मशाला के सरकारी डिग्री कॉलेज में 26 दिसंबर को हुई छात्र की मौत की व्यापक जांच के लिए यूजीसी ने पांच सदस्यीय समिति गठित की है। यह समिति घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगी और सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस समिति की अध्यक्षता प्रो. राज कुमार मित्तल कर रहे हैं। उनके अलावा इसमें तीन सदस्य व एक समन्वयक शामिल हैं। यूजीसी ने इस पूरे घटनाक्रम पर कहा कि छात्रों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों का पता लगाने व संभावित लापरवाही का पता लगाने के लिए समिति धर्मशाला स्थित सरकारी कॉलेज पहुंच रही है। यहां समिति यह जांचेगी कि कॉलेज ने यूजीसी नियमों का पालन किस हद तक किया है।

# थार सवारों ने दो युवकों पर की सरेराह फायरिंग

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

सिकरोड गांव में थार सवारों ने कार से जा रहे दो युवकों पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि युवक बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने आरोपियों का पीछा किया तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही कई राउंड हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले।

नंदग्राम थाना क्षेत्र के सिकरोड गांव निवासी अंकुर उर्फ सिट्टी (24) और हर्ष कुमार (22) शनिवार सुबह करीब 10 बजे मुख्य सड़क पर स्थित किराना स्टोर से सामान लेकर कार में सवार हुए। इसी दौरान बगैर नंबर की काली थार में सवार चार-पांच युवकों ने उनको निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। आरोपियों ने कई गोलियां दागीं। एक गोली कार की छत से टकराई, जबकि तीन उसके बायें हिस्से में जा धंसीं।

यह देखकर अंकित ने कार दौड़ा दी। दिनदहाड़े गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस पर थार सवार पिस्टल लहराकर ग्रामीणों को पीछे नहीं हटने पर गोली मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। आरोपियों ने जाते-जाते भी कई राउंड हवाई फायरिंग की। नंदग्राम थाना प्रभारी व मोरटा चौकी प्रभारी के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पीड़ित हर्ष ने अमित काजला, पंकज चौधरी निवासी गोविंदपुरम और साहिल व एकलव्य पाठक निवासी गुलमोहर सोसायटी, राजनगर एक्सटेंशन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।



एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। थार अमित काजला की है।

### 31 दिसंबर को हुई थी मारपीट, शिकायत के बाद भी लापरवाह बनी रही पुलिस

पीड़ित हर्ष का आरोप है कि चारों आरोपियों ने 31 दिसंबर 2025 की रात उनके साथ मारपीट की थी। तब वह दोस्तों के साथ वीवीआईपी सोसायटी में नए वर्ष का जश्न मनाकर घर लौट रहे थे। पार्किंग में खड़ी कार निकालते समय एक बलेनो कार से उनकी टक्कर हो गई। घटना की शिकायत उन्होंने नंदग्राम थाना पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यही नहीं, इससे नाराज आरोपियों ने शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे उन्हें फोन पर धमकी दी कि ऐसी दर्दनाक मौत देंगे गाजियाबाद में हमारा खौफ दिखेगा।

## अमेरिका का वेनेजुएला पर इस तरह कब्जा करना गलत है: तारिक अनवर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर कब्जा करने को कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने गलत बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जिस तरह से काम कर रहा है वह गलत है, उसको इस तरह का काम नहीं करना चाहिए।

कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, आप किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में दखल कैसे दे सकते हैं? खासकर इस तरह से कि आप वहां के राष्ट्रपति और उनके परिवार को गिरफ्तार कर लें। अगर मामला लोकतंत्र बचाने का था, तो उसके लिए इंटरनेशनल फोरम हैं। यूएन और दूसरे फोरम हैं जहां इस पर चर्चा हो सकती थी, जहां बहस हो सकती थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह जो चाहे कर सकता है। मनमानी के मामले में कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। पहले भी वे कई देशों पर ऐसे हमले कर चुके हैं। वे वही करते हैं जो उन्हें करना होता है क्योंकि उनके पास ताकत और शक्ति है। वे समय-समय पर इसे दिखाते रहते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गेवियन टेक्नो का आईपीओ 6 जनवरी से खुलेगा

**मुंबई, यूटर्न/ 04 जनवरी।** गेवियन टेक्नोलॉजी का पहला आईपीओ 6 जनवरी को खुल रहा है। रिटेल निवेशक इस पर 8 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह आईपीओ एसएमई सेगमेंट में बीएसई एसएमई पर लिस्ट होगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 76 रुपये से 81 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। एक लॉट में 1,600 शेयर हैं, लेकिन रिटेल निवेशक को कम से कम 3,200 शेयर खरीदने होंगे। इसका न्यूनतम निवेश लगभग 2,59,200 रुपये होगा। आईपीओ का कुल साइज 29.16 करोड़ रुपये है। कंपनी ने इस आईपीओ के जरिए 36 लाख फ्रेश शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट प्रीमियम 27 रुपये प्रति शेयर है, जो 33 फीसदी लिस्टिंग लाभ का संकेत देता है। अनुमानित लिस्टिंग प्राइस लगभग 108 रुपये हो सकता है।

### कोटक महिंद्रा: शेयर स्प्लिट से छोटे निवेशकों को मिलेगा फायदा

**मुंबई, यूटर्न/ 04 जनवरी।** कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने शेयरों को आम निवेशकों के लिए अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। इस फैसले के तहत बैंक के 5 रुपए फेस वैल्यू वाले एक शेयर को पांच हिस्सों में बांटा जाएगा। स्प्लिट के बाद प्रत्येक नए शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपए होगी। हालांकि, निवेशकों की कुल निवेश वैल्यू में कोई बदलाव नहीं होगा, सिर्फ उनके पास मौजूद शेयरों की संख्या पांच गुना हो जाएगी। बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि इस स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट 14 जनवरी 2026 तय की गई है। इस तारीख तक जिन निवेशकों के नाम पर शेयर दर्ज होंगे, वही इस स्प्लिट का लाभ उठा सकेंगे।

### 500 रुपए के नोट पर नोटबंदी की अफवाहें फर्जी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** सोशल मीडिया पर एक बार फिर 500 रुपये के नोट को लेकर नोटबंदी जैसी अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। फेसबुक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल हो रहे कई संदेशों में दावा किया जा रहा है कि आरबीआई जल्द ही 500 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने वाला है। कुछ पोस्ट्स में यह भी कहा गया कि मार्च 2026 के बाद एटीएम से 500 रुपये के नोट निकलने बंद हो जाएंगे और बाद में इन्हें अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।

# भारत की ऊर्जा सुरक्षा में बड़ी उपलब्धि

## एचपीसीएल की आरयूएफ परियोजना से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना : हरदीप पुरी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की नई परियोजना रेजिड्यू अपग्रेडेशन फैसिलिटी (आरयूएफ) को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम (विजग) रिफाइनरी में सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह भारत को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी।

पुरी ने बताया कि एचपीसीएल की यह नई सुविधा रिफाइनरी में बचे हुए कम उपयोगी तेल को आधुनिक तकनीक की मदद से उच्च गुणवत्ता वाले पेट्रोलियम उत्पादों में बदलती है। इसे रेजिड्यू हाइड्रोक्रैकिंग तकनीक कहा जाता है, जिससे तेल का अधिकतम उपयोग संभव हो पाता है।



इस फैसिलिटी की क्षमता हर साल 3.55 मिलियन मीट्रिक टन तेल को प्रोसेस करने की है। यह लगभग 93 प्रतिशत तक तेल को उपयोगी उत्पादों में बदल सकती है, जिससे कच्चे तेल की एक-एक बूंद का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा।

इस परियोजना में इस्तेमाल किए गए तीन बड़े रिएक्टर दुनिया के सबसे भारी इंजीनियरिंग उपकरणों में से हैं। हर रिएक्टर का वजन लगभग 2,200 मीट्रिक टन है। खास बात यह है कि ये सभी रिएक्टर पूरी तरह भारत में ही बनाए गए हैं, जो भारत की तकनीकी क्षमता को दिखाता है।

इस नई परियोजना से भारत को तेल आयात पर कम निर्भर रहना पड़ेगा। इससे ईंधन की बचत होगी, रिफाइनरी का उत्पादन बढ़ेगा और साथ ही देश की तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आगे कहा कि विशाखापट्टनम रिफाइनरी की यह परियोजना भारत के ऊर्जा भविष्य को मजबूत बनाती है और यह दिखाती है कि देश अब बड़े और जटिल औद्योगिक प्रोजेक्ट अपने दम पर पूरा करने में सक्षम है।

### एचएमडी बूम ई1 पोर्टेबल स्पीकर वॉटरप्रूफ डिजाइन से होगा लैस

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

एचएमडी कंपनी एक नए पोर्टेबल स्पीकर पर काम कर रही है। इसका नाम एचएमडी बूम ई1 बताया जा रहा है। लीक से संकेत मिलते हैं कि यह एक बेसिक लेकिन उपयोगी साउंड डिवाइस होगा, जिसे खासतौर पर बजट सेगमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एचएमडी बूम ई1 में 52 मिमी ड्राइवर और 4-ओम हॉर्न दिया गया है, जो अधिकतम 5 वॉट का आउटपुट प्रदान करता है। भले ही यह पावर आज के प्रीमियम स्पीकर्स के मुकाबले कम मानी जाए, लेकिन कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल स्पीकर के लिहाज से इसे पर्याप्त बताया जा रहा है। इस स्पीकर की सबसे बड़ी खासियत इसकी आईपीएक्स7 वॉटरप्रूफ रेटिंग है।



## भूटान के साथ स्थिरता और विश्वास पर आधारित साझेदारी को और मजबूत करेंगे : गौतम अदाणी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि वह भूटान के साथ अपनी साझेदारी को आगे भी मजबूत करते रहेंगे। यह साझेदारी पर्यावरण की सुरक्षा, आपसी भरोसे और लंबे समय तक फायदा देने पर आधारित है। उन्होंने हिमालयी देश भूटान के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में साझेदारी की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में उद्योगपति और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि भूटान आना मुझे हमेशा अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी (जीएमसी) के संस्थापक सदस्यों में से एक होने पर मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। यह भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक की दूरदर्शिता, सोच और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए विकास का उदाहरण है।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि ऊर्जा साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए भूटान में 5,000 मेगावाट जलविद्युत (पानी से बिजली) परियोजनाओं के लिए एक समझौता (एमओयू) किया गया है। इसके साथ ही 570 मेगावाट की वांगछू जलविद्युत परियोजना की आधिकारिक शुरूआत भी की गई है। उन्होंने इस मौके पर भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे की मौजूदगी के लिए आभार जताया। गौतम अदाणी ने कहा कि वे भूटान के साथ इस साझेदारी को आगे भी मजबूत करते रहेंगे, जो पर्यावरण के अनुकूल और लंबे समय के लिए लाभदायक है।

# हुंडई वेन्यू ने नया एचएक्स5प्लस वैरिएंट पेश किया

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

हुंडई इंडिया ने एक नया एचएक्स5प्लस वैरिएंट पेश किया है। फिलहाल हुंडई वेन्यू को एचएक्स2 से लेकर एचएक्स10 तक के ट्रिम्स में बेचा जा रहा है और एचएक्स5प्लस को खासतौर पर मिड और हाई वैरिएंट्स के बीच की खाली जगह को भरने के उद्देश्य से उतारा गया है।



इस वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये रखी गई है, जिससे यह कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में फीचर्स और कीमत के लिहाज से एक आकर्षक विकल्प बनकर उभरा है। कंपनी का मानना है कि इस नए वैरिएंट के जरिए ज्यादा ग्राहकों को किफायती दाम में प्रीमियम फीचर्स का अनुभव मिलेगा। नया एचएक्स5प्लस वैरिएंट हुंडई के भरोसेमंद 1.2-लीटर कप्पा पेट्रोल इंजन के साथ आता है, जिसे मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है। यह इंजन सिटी ड्राइव और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए संतुलित परफॉर्मेंस देने में सक्षम माना जाता है। डिजाइन की बात करें तो इस वैरिएंट में रूफ रेल्स, क्वाड-बीम एलईडी हेडलैंप्स और रियर वाइपर-वॉशर जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इसकी रोड प्रेजेंस को पहले से ज्यादा दमदार बनाते हैं।

केबिन के अंदर भी कम्फर्ट और सुविधा पर खास ध्यान दिया गया है। एचएक्स5 प्लस में वायरलेस स्मार्टफोन चार्जर, ड्राइवर के लिए स्टोरेज के साथ आर्मरेस्ट और रियर सीट पैसेंजर्स के लिए रियर विंडो सनशेड जैसे फीचर्स मिलते हैं।

इसके अलावा हुंडई ने एचएक्स4 वैरिएंट को भी अपडेट करते हुए इसमें ड्राइवर सीट हाइट एडजस्टमेंट जोड़ दिया है। कंपनी के अनुसार, नवंबर 2025 में लॉन्च के बाद से नई जनरेशन वेन्यू को 50 हजार से ज्यादा बुकिंग्स मिल चुकी हैं।

# लखनऊ में बनेगी एआई सिटी, यूपी को मिलेगी ग्लोबल टेक पहचान

## रोजगार और निवेश को मिलेगा नया आयाम

**» लखनऊ, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी के जरिए योगी सरकार उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। नए साल के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता के नाम अपने पत्र में एआई सिटी को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया था। यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रदेश की आर्थिक दिशा को नई गति देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक मानचित्र पर सशक्त पहचान



दिलाने का कार्य करेगी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, एआई सिटी को दो हिस्सों में विकसित किया जाएगा। लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र को कोर जोन के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां एआई इनोवेशन सेंटर, टेक पार्क और अत्याधुनिक रिसर्च सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शेष 40 प्रतिशत क्षेत्र में रेजिडेंशियल, कमर्शियल और सामाजिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके लिए आईटी-आईटीईएस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में एआई सिटी को निजीह सार्वजनिक सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिससे निजी निवेश और सरकारी सहयोग का संतुलन बने। एआई सिटी से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, 2026 में वैश्विक बाजारों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है भारतीय शेयर बाजार

**» मुंबई, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

वर्ष 2025 भारतीय बाजारों के लिए सुस्ती का वर्ष साबित हुआ, हालांकि इस दौरान भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही। सरकार का घाटा कम रहा, महंगाई नियंत्रण में रही और आर्थिक विकास भी ठीक रहा। लेकिन फिर भी भारतीय शेयर बाजार ने ज्यादा मुनाफा नहीं दिया। साथ ही भारतीय रुपया भी अमेरिकी डॉलर समेत कई विदेशी मुद्राओं के मुकाबले कमजोर रहा। नए साल के लिए अपना अनुमान साझा करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) एस. नरेन ने कहा कि इन सबके बावजूद, साल 2026 भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहतर साबित हो सकता है। आने वाले समय में भारतीय बाजार दुनिया के कई बड़े बाजारों से अच्छा प्रदर्शन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत की विकास कहानी लंबी और मजबूत है। देश की युवा आबादी, बढ़ती अर्थव्यवस्था और आगे की संभावनाएं भारत को खास बनाती हैं।



नरेन ने निवेशकों को सलाह दी कि उन्हें जल्दी मुनाफा कमाने के पीछे नहीं भागना चाहिए। इसके बजाय अपने निवेश को शेयर, बॉन्ड जैसे विकल्पों में सही तरह से बांटना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 2025 की शुरूआत के मुकाबले अब शेयरों में थोड़ा ज्यादा निवेश किया जा सकता है, क्योंकि भारतीय बाजारों ने पिछले एक साल में कई विदेशी बाजारों की तुलना में खराब प्रदर्शन किया है। इससे समझदारी से जोखिम लेने वाले निवेशकों को मौका मिल सकता है।

हालांकि, उन्होंने सोना और चांदी में ज्यादा निवेश करने से सावधान रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में सोना और चांदी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उनकी कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं।

पिछले एक साल में चांदी की कीमत दोगुनी से भी ज्यादा हो गई, जबकि सोने की कीमत करीब 70 प्रतिशत बढ़ी। वहीं शेयर बाजार ने केवल लगभग 10 प्रतिशत का रिटर्न दिया।

नरेन ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया भर में जोखिम अभी भी बहुत अधिक हैं। खासकर अमेरिका की टेक्नोलॉजी कंपनियों के शेयर बहुत महंगे लग रहे हैं और सोना-चांदी में जरूरत से ज्यादा उम्मीदें दिखाई दे रही हैं। इसलिए 2026 में निवेश करते समय संतुलन और सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अच्छे मौके और जोखिम, दोनों को ध्यान में रखकर फैसले लेने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### वेल्डिंग करते समय दूसरी मंजिल से गिरा युवक, इलाज के दौरान मौत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीकरी पुलिस चौकी के पास स्थित एक रिजॉर्ट में वेल्डिंग का काम करते समय दूसरी मंजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय लोकेश के रूप में हुई है, जो मूलरूप से उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के गांव नवीपुर का रहने वाला था। वह सीकरी में परिवार के साथ रहकर वेल्डिंग का काम करता था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर लोकेश सीकरी पुलिस चौकी के पास स्थित मिलन रिजॉर्ट में सेकेंड फ्लोर पर वेल्डिंग का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़ा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### प्लॉट के नाम पर 22.50 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** नंदग्राम क्षेत्र के साईं एन्क्लेव में रहने वाले प्रवीन कुमार ने बताया कि प्रताप विहार में जेएमडी प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय है। जहां विवेक कुमार प्लॉट और मकानों का क्रय-विक्रय करता है। बताया कि उन्होंने विवेक कुमार से एक प्लॉट खरीदने को कहा। प्रॉपर्टी डीलर विवेक ने दो प्लॉट दिखाए और उनके मालिकों से बातचीत कराई। 60 गज का एक प्लॉट पंसद आने पर उसका एग्रीमेंट बनाया गया। प्रॉपर्टी डीलर ने बतौर एडवांस उनसे 22.50 लाख रुपये का भुगतान करा लिया और बाकी रकम बैनामे पर देने की बात कही।

# राजदूत बनाने के नाम पर 25 लोगों से ठगे 50 लाख से डेढ़ करोड़, देशभर के कारोबारी थे निशाने पर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

कविनगर में किराये पर कोठी में चल रहे फर्जी दूतावास मामले में 25 लोगों को राजदूत बनाने के नाम पर ठगी की बात सामने आई है। इसमें 20 लोगों के एसटीएफ ने बयान दर्ज कराए हैं। इनमें सामने आया है कि आरोपी हर्षवर्धन जैन ने माइक्रोनेशन में लोगों को राजदूत बनाने के नाम पर 50 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये तक की ठगी की है। उन्हें कूरियर के जरिये नंबर प्लेट व दस्तावेज भेजे गए। एसटीएफ नोएडा के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि इस मामले में जांच जारी है। ठगी की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में चार्जशीट कोर्ट में पेश की गई है। इसमें हर्षवर्धन के साथ उसके ससुर व साले




को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले में पहले ईडी और अब इनकम टैक्स विभाग ने जानकारी मांगी थी, जो उन्हें दे दी गई है। 23 जुलाई 2025 को एसटीएफ ने फर्जी दूतावास पर कार्रवाई करते हुए हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार किया था। उस पर माइक्रोनेशन का राजदूत बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी व मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। उसका संबंध विदेशों में बैठे लोगों से भी सामने आया था। उसने 200 से अधिक बार विदेश यात्रा भी की थी। इस मामले में ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद एसटीएफ हर्षवर्धन जैन के विदेशों में चल रहे मामलों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## स्वघोषित देश होते हैं माइक्रोनेशन

इस मामले में सेबोरगा, वेस्ट आर्कटिक और लास्टलैंड जैसे माइक्रोनेशन का नाम सामने आया है, जिनसे एसटीएफ ने जानकारी मांगी है। इस मामले के सामने आने के बाद वेस्ट आर्कटिक की तरफ से बयान जारी कर हर्षवर्धन को सभी पदों से हटाने की जानकारी दी गई थी। जानकारी के अनुसार माइक्रोनेशन स्वयं घोषित छोटे समूह होते हैं। इन देशों को किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगठन से मान्यता नहीं दी जाती है।

यह एक प्रकार से किसी की निजी जगह भी हो सकती है, जिसे वह देश के रूप में घोषित कर देते हैं।

## कई राज्यों के कारोबारियों को बनाया निशाना

जांच में सामने आया है कि हर्षवर्धन ने एनसीआर ही नहीं, बल्कि दक्षिण भारत, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत अन्य जगहों के कारोबारियों को टारगेट किया था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी इंदिरापुरम की एक प्रिंटिंग प्रेस से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाता था। इस मामले में प्रेस संचालक से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उसे जानकारी देकर नंबर प्लेट और कुछ अन्य डॉक्यूमेंट प्रिंट करने के लिए देता था। एक बार प्रिंट होने के बाद उसके साथी कंप्यूटर से डेटा डिलीट करके चले जाते थे। संचालक का कहना है कि वह उसे अधिकारी समझकर ही ऐसा कर रहा था। एएसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि एसटीएफ की तरफ से संबंधित माइक्रोनेशन को पत्र भेजा गया था। इसमें से अभी सिर्फ लास्टलैंड की तरफ से जवाब मिला है।

# जहरीली हवा ने सांसों में घोला जहर, दिमाग पर हो रहा असर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा सिर्फ सांस की बीमारियां ही नहीं, बल्कि दिमाग पर भी हमला कर रही है। यह खुलासा कई डॉक्टरों की रिपोर्ट्स और वैज्ञानिक अध्ययनों से हुआ है, जो बताते हैं कि पीएम 2.5 जैसे महीन कण फेफड़ों से होते हुए खून और दिमाग तक पहुंचकर सूजन पैदा करते हैं। इससे माइग्रेन के अटैक बढ़ रहे हैं। सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या में 15 से 20 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। ऐसे में प्रदूषण की वजह से माइग्रेन, सिरदर्द, चक्कर और तनाव जैसे न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के अनुसार, पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सुरक्षित सीमा से 11.6 गुना ज्यादा है, जो 168 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गई है। डॉक्टरों ने बताया जहरीली हवा में सांस लेने से नसों में सूजन पैदा हो रही है.



# सरस मेले में उत्तर प्रदेश की खादी बेडशीट महिलाओं को आ रही पसंद

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** सेक्टर- 12 में चल रहे सरस मेले में उत्तर प्रदेश की खादी बेडशीट महिलाओं को काफी पसंद आ रही है। बागपत से पहुंचे रेहान अपने साथ खादी और सूती बेडशीट, कंफर्टर, तौलिया व खेस लेकर पहुंचे हैं। वहां के डिजाइन लोगों को भा रहे हैं। रेहान ने बताया कि वे कई वर्ष से यह काम कर रहे हैं। इससे पहले वे पांच बार सरस मेले में आ चुके हैं। उन्हें यहां लोगों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोग जमकर खरीददारी भी कर रहे हैं। उनका हैंडलूम का बड़ा काम है। सभी बेडशीट कारीगरों ने खुद हाथों से बनाई हैं। इन्हें बनाने में काफी समय लगता है। एक चादर को पूरा एक दिन लग जाता है, जिसकी कीमत लगभग 1200 रुपये है। महिलाओं को घर सुंदर ही अच्छा लगता है, इसके लिए महिलाएं बेडशीट और उसके मिलान के तकिए के खोल चुनकर खरीदती हैं। इसलिए सभी डिजाइन और रंग महिलाओं की पसंद के मुताबिक ही चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 150 कारीगरों को उन्होंने रोजगार भी दिया है। यह काम उनका पीढ़ियों से चलता आ रहा है। इसके साथ ही तीस साल से वे अलीना समूह से भी जुड़े हुए हैं।

## जीडीए फ्लैट की सीढ़ियों का गिरा मलबा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** टीलामोड़ स्थित जीडीए फ्लैट्स की कोयल एन्क्लेव में 10 टावर की सातवीं मंजिल की सीढ़ियों का मलबा शनिवार को भर भराकर गिर गया। गनीमत रही कि कोई चोटिल नहीं हुआ। टावर के हर एक मंजिल तक मलबा फैला। सोसायटी के लोगों ने जीडीए पर अनदेखी और मरम्मत कार्य न कराने का आरोप भी लगाया है। के-10 निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि सातवें तल की सीढ़ियों का प्लास्टर अचानक नीचे आ गिरा। इस दौरान अगर कोई भी व्यक्ति वहां से गुजर रहा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया कि कई वर्षों से जीडीए ने मरम्मत कार्य नहीं कराया है। वहीं के रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी बेहद खराब है। कई जगह प्लास्टर उखड़ चुका है। जीडीए के प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन ने बताया कि तीनों सोसाइटी के रखरखाव के लिए योजना बन रही है। बजट भी स्वीकृत हो गया है। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा।

## शाहदरा में सनसनीखेज दोहरा हत्याकांड, बुजुर्ग दंपति की हत्या

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जनवरी।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में एक सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड ने इलाके में दहशत फैला दी है। राम नगर एक्सटेंशन में स्थित एक मकान के तीसरे मंजिल पर 75 वर्षीय विरेंद्र कुमार बंसल (रिटायर्ड टीचर) और उनकी 65 वर्षीय पत्नी परवेश बंसल (गृहिणी) के शव अलग-अलग कमरों में पड़े मिले। पुलिस को यह जानकारी आधी रात करीब 12:30 बजे पीसीआर कॉल से मिली। कॉल करने वाले दंपति के बेटे वैभव बंसल ने बताया कि उनके माता-पिता बेहोश पड़े हैं और शायद मर चुके हैं। सूचना मिलते ही एमएस पार्क थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वैभव ने पुलिस को बताया कि किसी ने उनके माता-पिता की हत्या कर दी है। निरीक्षण में विरेंद्र कुमार बंसल के चेहरे पर चोट के निशान मिले। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया है।

# शिकागो की कंपनी बता व्यापार में निवेश करा 88 .48 लाख रुपये ठगे

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

साइबर ठगों ने व्यापार में ऑनलाइन विदेशी बाजार में निवेश करने और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म प्रदान करने वाली शिकागो की सीबीओई का प्रतिनिधि बताकर कविनगर में रहने वाले अशोक कुमार सिंह से 88 लाख 48 हजार 385 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने जब ठगों द्वारा भेजे गए ऑनलाइन फर्जी लेटरपैड की कंपनी से संपर्क साधा तो उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में उनका कोई प्रतिनिधि नहीं है और उनके साथ ठगी हुई है तुरंत साइबर अपराध रिपोर्टिंग एजेंसी से संपर्क करने की बात कही। पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि अगस्त माह में एक कॉल आया। उसने बताया कि वह शिकागो की कंपनी में ऑनलाइन कार्य कर व्यापार में निवेश करती हैं और 30 से 40 प्रतिशत मुनाफा उनके खाते में आता है। पहले चरण में वह उन्हें 11.18 मिलियन का गारंटी मुनाफा होने का दावा किया।

उनके नाम की एक यूजर आईडी बनाई गई जिसके प्रमुख पाव सेठी थे। उन्होंने व्यापार में निवेश करने का दबाव




बनाया। आरोपियों ने सीबीओई कंपनी के लैटर हैड भेजकर सदस्यता प्रमाण पत्र भी ई-मेल द्वारा भेजा। साइबर ठगों के झांसे में आकर उन्होंने 27 अगस्त से 21 नवंबर 2025 तक 27 ट्रांजक्शन में 88 लाख 48 हजार 385 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो असफल रहे और अतिरिक्त धनराशि निवेश करने का दबाव बनाया।

इसके साथ ही ट्रेड पूर्ण न करने पर धनराशि डूबने की धमकी दी। पीड़ित ने गूगल से सीबीओई कंपनी से संपर्क साधा।

जहां से उन्हें जानकारी मिली कि उत्तर प्रदेश में उनका कोई प्रतिनिधि नहीं है और न ही कंपनी में उनका एकाउंट है। कंपनी के अधिकारियों के कहने पर उन्होंने गृह मंत्रालय के साइबर अपराध पॉर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## बंगलुरु की फ्लाइट का पहले बदला समय, फिर हुई रद

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।** हिंडन हवाई अड्डे से बंगलुरू को जाने वाली फ्लाइट शनिवार को रद कर दी गई। इससे पहले इसके देरी से उड़ान भरने की सूचना यात्रियों को दी गई थी। अचानक रद होने की वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं एयरलाइन कंपनी ने बस की व्यवस्था कर यात्रियों को दिल्ली हवाई अड्डे तक पहुंचाया।

शनिवार को बंगलूरू की उड़ान दोपहर 2:15 बजे उड़ान भरने वाला था। पहले इसके समय में बदलाव कर तीन बजे किया गया। इसके बाद रनवे के रखरखाव की वजह से वायुसेना से क्लियरेंस न मिलने की वजह से फ्लाइट को रद कर दिया गया। फ्लाइट के दिल्ली हवाईअड्डे से संचालित होने की सूचना पर यात्रियों ने नाराजगी जाहिर की। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि 2:15 बजे के बाद वायुसेना रनवे का मेंटेनेंस करती है। उड़ान में देरी के चलते बाद में क्लियरेंस नहीं मिला और इसे रद किया गया।

# भाजपा जिला कार्यालय पर विशेष जनसुनवाई में कई समस्याओं का समाधान

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

भाजपा फरीदाबाद महानगर जिला कार्यालय पर कार्यकताओं और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की जबकि एनआईटी फरीदाबाद के विधायक सतीश फागना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक पहुंचे और उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, सीवर, नगर निगम से जुड़े कार्यों सहित विभिन्न जनहित समस्याओं को जिला नेतृत्व के समक्ष रखा। जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कई



मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर बातचीत कर तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया। कुछ जटिल मामलों में जिला अध्यक्ष ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे तय समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करें और इसकी जानकारी संगठन को दें। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता या नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े, यह भाजपा संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकताओं के सम्मान और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी केवल समस्याएं सुनने तक सीमित नहीं रहती बल्कि उनके स्थायी और व्यावहारिक समाधान के लिए प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाकर कार्य करती है।

एनआईटी विधायक सतीश फागना ने भी जनसुनवाई को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल से ही जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान संभव है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता से जुड़े हर मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा।

# वीडियो पोस्ट कर हेल्दी जूस की रेसिपी बताई सोहा अली ने



सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह ग्रीन जूस बनाती हुई नजर आईं। यह जूस हाइड्रेशन, फाइबर और मिनरल्स से भरपूर है, जो पाचन, हार्मोन बैलेंस और एनर्जी बनाए रखने में मदद करता है। इसे सोहा ने न्यू ईयर का तोहफा बताया। सोहा अली खान ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए हेल्दी जूस की रेसिपी भी बताई। उन्होंने बताया कि यह रेसिपी न सिर्फ हेल्दी है बल्कि घर पर आसानी से बनाई जा सकती है। इसके लिए, गाजर, खीरा, अजवाइन, चिया सीड्स, ड्रैगन फ्रूट, अदरक, धनिया, मूंग अंकुर और ग्रीन्स लें और सभी को ब्लेंड करके पी लें। सोहा ने सलाह दी कि धीरे-धीरे शुरू करें और शरीर की सुनें। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मेरी तरफ से आपको हैप्पी न्यू ईयर का तोहफा। जैसा कि वादा किया था, यह रहा ग्रीन जूस जो मैं ज्यादातर सुबह पीती हूं। यह कोई हार्ड डिटॉक्स जूस नहीं है।

यह आपको हेल्दी बनाएगा, इसे रोजाना पीएं। यह हाइड्रेशन, फाइबर, मिनरल्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है, जो शरीर को वह काम करने में मदद करते हैं जो उसे पहले से ही पता है। यह जूस पाचन सुधारने, हार्मोन बैलेंस रखने और पूरे दिन एनर्जी बनाए रखने में मदद करता है। खासकर जब भारीपन या सुस्ती महसूस हो, तब यह और भी कारगर है। अभिनेत्री सोहा ने बताया कि इसे आमतौर पर वह नाश्ते के बाद और लंच से पहले पीती हैं। यही नहीं, सोहा अली ने फैंस को हेल्दी ग्रीन जूस की रेसिपी भी बताई, जो बेहद साधारण और पौष्टिक है। इसके लिए गाजर, खीरा, दो डंठल अजवाइन, आधा कप नारियल पानी, आधा चम्मच चिया सीड्स (रात भर भिगोए हुए), एक छोटा टुकड़ा ड्रैगन फ्रूट (क्यूब्स में कटा हुआ), ताजा कसा हुआ अदरक, मुट्ठी भर धनिया पत्ती, एक मुट्ठी मूंग दाल के अंकुर (हल्के से स्टीम किए हुए) और एक मुट्ठी बेबी ग्रीन्स लें। उन्होंने बताया कि इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है। सभी सामग्री को ब्लेंडर में डालकर चिकना होने तक ब्लेंड करें।



# कुछ चीजों के लिए ना कहना जरूरी, चित्रांगदा सिंह ने मना करने की अहमियत पर दिया जोर



फिल्म इंडस्ट्री में काम करना जितना चमक-दमक भरा दिखता है, उतना ही मुश्किल भी होता है। कौन सा प्रोजेक्ट करें और किसको रिजेक्ट करें, कई बार ये फैसले किसी कलाकार के पूरे करियर की दिशा तय कर देते हैं। इस मामले को लेकर अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने आईएएनएस से खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि अपने करियर के दौरान ना कहना सीखना उनके लिए सबसे अहम सीखों में से एक रहा है। आईएएनएस से बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा, अगर कोई कलाकार बार-बार खराब काम करता है, तो उसकी पहचान और विश्वसनीयता धीरे-धीरे कम हो जाती है। ऐसे में कुछ चीजों के लिए ना कहना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह एक अभिनेता के रूप में आपकी इमेज को बचाए रख सकता है। खराब फिल्मों या कमजोर किरदारों को स्वीकार करने से कलाकार की छवि को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा, ऐसा जरूरी नहीं कि हर बार मना किया गया फैसला सही ही हो। कई बार ऐसा होता है कि कोई अच्छा प्रोजेक्ट हाथ से निकल जाता है और बाद में एहसास होता है कि वह एक गलती थी। लेकिन कई मौके ऐसे भी होते हैं, जब मैंने किसी फिल्म को मना किया और उस पर मुझे आज तक कोई पछतावा नहीं है। ऐसे फैसलों ने मुझे आत्मसंतोष दिया और करियर को एक सटीक दिशा दी। इंटरव्यू में चित्रांगदा सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी भी अभिनेता के स्टारडम में पूरी टीम की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, आखिरकार फिल्म सिर्फ एक अभिनेता से नहीं बनती, बल्कि निर्देशक, लेखक, एडिटर और पूरी क्रिएटिव टीम मिलकर उसे आकार देती है। निर्देशक का नजरिया, किरदार को देखने और दिखाने का तरीका, और एडिटिंग टेबल पर लिया गया फैसला, ये सभी चीजें किसी अभिनेता के प्रदर्शन को निखारने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा, अच्छे फिल्मकारों के साथ काम करने से अभिनेता खुद-ब-खुद बेहतर बनता जाता है। जब निर्देशक की सोच मजबूत होती है और कहानी को ईमानदारी से पेश किया जाता है, तो कलाकार को भी अपने किरदार में गहराई दिखाने का मौका मिलता है। इसी कारण मेरे लिए सिर्फ स्क्रीन टाइम नहीं, बल्कि फिल्म की गुणवत्ता और टीम की सोच ज्यादा मायने रखती है।

# अभी संन्यास लेने का इरादा नहीं : स्मिथ



**सिडनी, यूटर्न/ 04 जनवरी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि अभी वह खेल का आनंद ले रहे हैं और उनका निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है। स्मिथ ने अबत एशेज सीरी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। नियमित कप्तान पीट कमिंस के बाहर होने से वह कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। स्मिथ के अनुसा अभी वह फिट हैं और लंबे समय तक टीम के लिए खेल सकते हैं। वहीं स्मिथ से जब उनके एशेज 2027 में खेलने को लेकर सवाल पूछा गया। तो उन्होंने कहा, मैंने कुछ समय से कहा है, मैं इसे सीरीज-दर-सीरीज देख रहा हूं, और हम देखेंगे कि चीजें कहां पहुंचती हैं। मुझे लगता है कि मैं अभी ठीक कर रहा हूं, मैं खेल का आनंद ले रहा हूं, मैं अपना योगदान दे रहा हूं, और इसमें मुझे अच्छा लग रहा हूं। इसलिए अभी संन्यास को लेकर कोई तारीख तय नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, हाल के कुछ साल में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अच्छे प्रदर्शन से खेल और बेहतर हुआ है। मैच अब ड्रॉ नहीं हो रहे बल्कि परिणाम आ रहे है। ये अच्छे संकेत हैं। हमारे पास एक अच्छी टीम है। हम लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ कि केवल एक या दो खिलाड़ी ही खेले रहे हों। टीम के सभी खिलाड़ी अपनी ओर से योगदान दे रहे हैं। इसी वजह से हम एक अच्छी टीम बने हैं। इस टीम का हिस्सा बआ रहना सबसे अच्छा रहा है। अब एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर, मैं आने वाले कुछ खिलाड़ियों की सहायता कर सकूंगा और उन्हें टेस्ट क्रिकेट का खेल सिखाने में सहायता कर सकूंगा स्मिथ ने संन्यास की घोषणा करने वाले उस्मान ख्वाजा की भी प्रशंसा की है।



# दूसरी शादी को लेकर मलाइका अरोड़ा का बड़ा बयान

बॉलीवुड एक्ट्रेस और डांसर मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में मलाइका ने शादी, तलाक और रिश्तों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने साफ किया कि वह शादी जैसी संस्था के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन किसी भी रिश्ते में सम्मान और समझ सबसे जरूरी है। मलाइका का साल 2017 में अरबाज खान से तलाक हुआ था, जिसके बाद वह अर्जुन कपूर के साथ अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में रहीं। हालांकि, बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया। इन उतार-चढ़ावों के बीच मलाइका ने खुद को मजबूत बनाए रखा और अपनी जिंदगी को नए सिरे से जीना सीखा। दूसरी शादी के सवाल पर मलाइका ने कहा कि अगर जिंदगी में कोई सही इंसान उनके दरवाजे पर आता है, तो वह उसे अपनाने से इनकार नहीं करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि शादी किसी दबाव या मजबूरी में नहीं, बल्कि खुशी और आपसी समझ के साथ होनी चाहिए। मलाइका ने युवाओं को सलाह दी कि शादी से पहले खुद को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के दबाव में आकर कोई फैसला लेना सही नहीं होता। एक्ट्रेस का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है और कई लोग उनके खुले विचारों की तारीफ कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा का यह बेबाक अंदाज एक बार फिर दिखाता है कि वह अपनी जिंदगी के फैसले खुद लेने में विश्वास रखती हैं और दूसरों को भी यही संदेश देना चाहती हैं।

# छेत्री सहित भारतीय फुटबॉलरों ने फीफा से की अपील


## आईसीएल निलंबित होने से परेशानी में हैं खिलाड़ी

**» कोलकाता, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कहा है कि आज देश का फुटबॉल जगत बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। छेत्री के अनुसार इंडियन सुपर लीग (आईसीएल) को निलंबित किये जाने के बाद से ही खेल मुश्किल में है। ऐसे में भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए विश्व फुटबॉल महासंघ (फीफा) को कदम उठाने चाहिये। आईएसएल के निलंबन के बाद से ही नये सत्र की शुरूआत नहीं हो पायी है। इससे खिलाड़ी आर्थिक संकटों से भी जूझ रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ ही क्लब भी संशय में हैं। खिलाड़ियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। इससे खिलाड़ियों का करियर भी संकट में है।

छेत्री के साथ ही गुरप्रीत सिंह संधू, संदेश झिंगन सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी कहा कि आईएसएल को शीघ्र बहाल किया जाना चाहिये। खिलाड़ियों ने कहा कि भारतीय फुटबॉल इस समय ऐसे ठहराव में फंसा है, जहां आगे की राह नहीं दिख रही है। वहीं संधू ने कहा कि साल की शुरूआत में खिलाड़ियों को आईएसएल खेनना चाहिये था पर वह अभी तक संशय में हैं।

इस मामले में खिलाड़ियों ने विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा से सीधे हस्तक्षेप की अपील की है।। छेत्री ने कहा कि खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, क्लब मालिक और प्रशंसक सभी स्पष्टता, सुरक्षा और सबसे अहम एक सुरक्षित भविष्य के अधिकारी हैं। गौरतलब है कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण को लेकर समझौता 8 दिसंबर को समाप्त हो गया था, जिसके बाद जुलाई से ही 2025-26 सीजन को रोक दिया गया।



## फटाफट खबरें

### वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपात बैठक

**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 04 जनवरी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में की गई कार्रवाई पर सोमवार को आपात बैठक करेगी। यह जानकारी सुरक्षा परिषद की प्रेसिडेंसी की ओर से दी गई। संयुक्त राष्ट्र में सोमालिया के स्थायी मिशन की प्रवक्ता खदीजा अहमद ने कहा, ‘यह आपात बैठक सोमवार सुबह 10 बजे होगी।’ समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सोमालिया जनवरी महीने के लिए सुरक्षा परिषद की रोटेटिंग प्रेसीडेंसी संभाल रहा है। अमेरिका ने शनिवार को वेनेजुएला में एक सैन्य अभियान चलाया। इस दौरान राजधानी काराकास से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह कार्रवाई बेहद खतरनाक उदाहरण बन सकती है।

### उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलिया में खदान ढहने से एक मजदूर की मौत

**सिडनी, यूटर्न/ 04 जनवरी।** पूर्वोत्तर ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में दो जनवरी को एक कोयला खदान ढहने के बाद लापता हुए एक मजदूर का शव शनिवार देर रात बरामद कर लिया गया। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग तीन बजे मध्य क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित कुर्राघ कॉम्प्लेक्स में भूमिगत खदान के ढहने के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया जिसकी तलाश एवं बचाव के लिए एक आपातकालीन अभियान शुरू किया गया। क्वींसलैंड के कार्यवाहक खान मंत्री टोनी पेरेट ने पुष्टि किया कि आपातकालीन बचाव दल ने शनिवार रात लापता श्रमिक का शव बरामद किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन से कहा कि विशेषज्ञ टीमों ने घटनास्थल को सामान्य करने एवं लापता व्यक्ति तक पहुंचने के लिए पूरी रात काम किया। उन्होंने कहा कि दुखद रूप से उस मजदूर को बचाया नहीं जा सका।

### पश्चिमी ईरान में प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में तीन लोगों की मौत

**तेहरान, यूटर्न/ 04 जनवरी।** ईरान के पश्चिमी इलम प्रांत में शनिवार शाम विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फार्स ने जानकार सूत्रों के हवाले से दी। समाचार एजेंसी फार्स ने कहा कि मालेकशाही काउंटी में दंगाइयों ने एक कानून प्रवर्तन केंद्र पर हमला करने की कोशिश की जिसके कारण सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़पें हुईं। इसमें सुरक्षा बलों का एक जवान और दो दंगाई मारे गए जबकि कई अन्य घायल हो गए। इससे पहले शनिवार को, फार्स न्यूज एजेंसी ने कहा था कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर से संबद्ध बासिज स्वयंसेवी बल का एक सदस्य पश्चिमी प्रांत करमानशाह में हुई अशांति के दौरान मारा गया। एजेंसी ने कहा कि अली अजीजी की शुक्रवार को हरसिन काउंटी में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान चाकू और गोली लगने से मौत हो गई। ईरान की मुद्रा रियाल के मूल्य में भारी गिरावट के विरोध में रविवार से ईरान के कई शहरों में प्रदर्शन हो रहे हैं। अधिकारियों ने प्रदर्शनों को स्वीकार करते हुए कहा है कि वे आर्थिक शिकायतों के समाधान के लिए तैयार हैं।

## फोटो स्टोरी



अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर हमले के बाद कालोर्टा मिलिट्री एयर बेस पर तबाह गाड़ियां

### सही बदलाव होने तक वेनेजुएला को फिलहाल अमेरिका चलाएगा : डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 04 जनवरी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला को कुछ समय के लिए अमेरिका चलाएगा। उन्होंने कहा कि अस्थिरता को रोकने और देश के तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को फिर से बनाने के लिए वॉशिंगटन को बदलाव की निगरानी करनी चाहिए। वेनेजुएला पर कौन शासन करेगा? इस सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, हम इसे एक ग्रुप के साथ चलाने जा रहे हैं, इसके लिए, अमेरिका के अधिकारियों को पहले ही चुना जा रहा है। मार-ए-लागो न्यूज कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वेनेजुएला में हम तब तक शासन करेंगे जब तक एक सुरक्षित, सही और समझदारी भरा बदलाव नहीं हो जाता। समय से पहले निकलने से पिछली नाकामियों के दोहराने का खतरा होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के तेल भंडार पर खास जोर दिया।

## सऊदी अरब में भीषण हादसे में चार की मौत, उमराह पूरी कर लौट रहा था परिवार

**» मलप्पुरम, यूटर्न/ 04 जनवरी।**




केरल के मलप्पुरम जिले के मंजरी के एक परिवार के चार सदस्यों की सऊदी अरब के मदीना में एक दुखद सड़क हादसे में मौत हो गई।

मृतकों की पहचान अब्दुल जलील (52), जो मंजेरी के वेल्लिला के रहने वाले थे; उनकी मां मैमुनाथ कक्केनगल (73); उनकी पत्नी थस्ना थोडेंगल (40) और उनके बेटे आदिल जलील (14) के रूप में हुई।

सऊदी अरब से मिली शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, शनिवार शाम को टक्कर के कारण चारों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब परिवार इस्लामिक तीर्थयात्रा उमराह पूरी करने के बाद मक्का से जेद्दा जा रहा था। बताया जा रहा है कि मदीना के पास हाईवे पर उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। सऊदी अधिकारियों ने अभी तक हादसे की सही वजह की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। इस हादसे में अब्दुल जलील की तीन बेटियां, आयशा, हादिया और नूरा, भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। फिलहाल उनका इलाज सऊदी अरब के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि घायल लड़कियों पर कड़ी मेडिकल निगरानी रखी जा रही है, और उनकी हालत के बारे में और अपडेट का इंतजार है। अब्दुल जलील जेद्दा में काम करते थे और कई सालों से सऊदी अरब में रह रहे थे। उनके परिवार के सदस्य हाल ही में उमराह करने के मकसद से टूरिस्ट वीजा पर देश आए थे। मुसलमानों के लिए यह तीर्थयात्रा एक बहुत ही आध्यात्मिक यात्रा मानी जाती है। इस दुखद घटना की खबर से मंजरी और आस-पास के इलाकों में सदमे की लहर दौड़ गई है, जहां यह परिवार काफी जाना-पहचाना है।

### ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक, बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

**लंदन, यूटर्न/ 04 जनवरी।** ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप (दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है, जिसने 2019 तक सीरिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। इसे रोकने के लिए ब्रिटेन ने फ्रांस के साथ मिलकर ऑपरेशन किया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा, ‘रॉयल एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट मार्च 2019 में अपनी सैन्य हार के बाद दाएश आतंकवादी ग्रुप के किसी भी संभावित पुनरुत्थान को रोकने के लिए सीरिया के ऊपर गश्त करना जारी रखे हुए हैं। सावधानीपूर्वक खुफिया विश्लेषण ने पलमायरा के प्रमुख स्थल से कुछ मील उत्तर में पहाड़ों में एक भूमिगत ठिकाने की पहचान की। इस ठिकाने पर दाएश का कब्जा था, जिसका इस्तेमाल हथियार और विस्फोटक जमा करने के लिए किया जाता था। ठिकाने के आसपास के क्षेत्र में कोई नागरिक बस्ती नहीं है। रॉयल एयरफोर्स के टाइफून एफजीआर4एस फाइटर जेट्स ने फ्रांसीसी विमानों के साथ एक संयुक्त कार्रवाई में 3 जनवरी की शाम को भूमिगत ठिकाने पर हमला किया। विमानों ने ठिकाने तक जाने वाली कई सुरंगों को निशाना बनाने के लिए पेववे-4 गाइडेड बमों का इस्तेमाल किया।

## पाक अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शन शुरू, विवादित लोगों की नियुक्ति पर गर्माया मामला

**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 04 जनवरी।**




पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। स्थानीय मीडिया ने जानकारी दी है कि जीबी यूथ मूवमेंट ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान (पीओजीबी) के चिनारबाग इलाके में तथाकथित केयरटेकर सरकार में विवादित लोगों को शामिल करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, राजनीतिक और सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने तथाकथित केयरटेकर कैबिनेट में प्रतिनिधित्व की कमी को लेकर घांचे, नगर और शिगर जिलों में विरोध प्रदर्शन की भी घोषणा की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि तथाकथित कैबिनेट में कई विवादित लोगों को शामिल किया गया। केयरटेकर कैबिनेट में ऐसे लोगों को शामिल करना आने वाले आम चुनावों में धांधली की कोशिश का हिस्सा है और इसे मंजूर नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों ने कैबिनेट में पढ़े-लिखे युवाओं और न्यूट्रल लोगों को प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी देने की मांग की। उन्होंने घोषणा की है कि जब तक तथाकथित कैबिनेट सदस्यों को नियुक्त करने का फैसला रद्द नहीं किया जाता, तब तक धरना दिया जाएगा। विरोध के दौरान, प्रदर्शनकारियों ने चिनारबाग में रिवर रोड को ब्लॉक कर दिया, और बाद में, पुलिस ने जीबी यूथ मूवमेंट के चेयरमैन समेत आठ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। पिछले महीने, एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पीओजीबी में आने वाले चुनाव तब तक बेमतलब होंगे, जब तक इस इलाके का अपना प्रांतीय संविधान नहीं हो जाता और असेंबली के पास रिसोर्स पर कानून बनाने का अधिकार नहीं हो जाता।

स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव की याद दिलाई, जिसके तहत भारत के साथ विवाद सुलझाने के लिए गिलगित-बाल्टिस्तान से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को हटाना जरूरी है। यह बात अमेरिका में रहने वाले इंस्टीट्यूट फॉर गिलगित बाल्टिस्तान स्टडीज के फाउंडर सेंगे सेरिंग ने इंटरनेशनल सेंटर फॉर पीस स्टडीज की एक रिपोर्ट में लिखी है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर पीस स्टडीज की रिपोर्ट में कहा गया, पहले, नेशनलिस्ट ने गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनावों का बॉयकॉट किया था क्योंकि स्थानीय निर्वाचन आयोग सभी उम्मीदवारों से पाकिस्तान के प्रति वफादारी की शपथ पर हस्ताक्षर करने को कहता है।

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को हिरासत में लेना युद्ध छेड़ने जैसा: जोहरान ममदानी

**» न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 04 जनवरी।**

न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा है कि किसी भी आजाद देश पर हमला ‘युद्ध की कार्रवाई’ माना जाता है, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। जोहरान ममदानी की प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने ऐलान किया कि अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी काराकस पर बड़े पैमाने पर हमला करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया है और ट्रांजिशन अवधि के दौरान अमेरिका वेनेजुएला की सरकार को चलाएगा।



ममदानी ने कहा, मुझे सुबह वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिकी मिलिट्री द्वारा पकड़ने और न्यूयॉर्क में फेडरल कस्टडी में कैद करने के बारे में जानकारी दी गई। एक संप्रभु देश पर एकतरफा हमला करना युद्ध छेड़ने जैसा है और फेडरल और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

खास तौर पर ममदानी के पास फेडरल एक्शन पर सीमित पावर है, क्योंकि मादुरो और उनकी पत्नी न्यूयॉर्क में अमेरिकी फेडरल एजेंसियों के कब्जे में हैं। मेयर ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे ट्रंप प्रशासन द्वारा सत्ता परिवर्तन की कोशिश बताया।

जोहरान ममदानी ने कहा, ‘सरकार बदलने की यह खुली कोशिश सिर्फ विदेश में रहने वालों पर ही असर नहीं डालती। इसका सीधा असर न्यूयॉर्क के लोगों पर भी पड़ता है, जिसमें हजारों वेनेजुएला के लोग भी शामिल हैं जो इस शहर को अपना घर मानते हैं। मेरा ध्यान उनकी और न्यूयॉर्क में रहने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा पर है। इस बीच, मादुरो को शनिवार देर रात न्यूयॉर्क शहर ले जाया गया ताकि वे अमेरिकी क्रिमिनल चार्ज का सामना कर सकें। फेडरल प्रॉसिक्यूटरों ने मादुरो पर लंबे समय से चल रहे नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश का नेतृत्व करने का आरोप लगाया है।

यह चार्जशीट अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने पब्लिक की और न्यूयॉर्क के सदर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिका जिला अदालत में फाइल की। प्रॉसिक्यूटर का आरोप है कि मादुरो ने दो दशकों से ज्यादा समय तक अमेरिका की ओर भारी मात्रा में कोकीन भेजने के लिए सरकारी पावर का इस्तेमाल किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *